भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1367
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

कर्नाटक में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली

1367. श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जून, 2049 से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कर्नाटक राज्य में स्थापित स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की कुल संख्या कितनी है; और
(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कर्नाटक राज्य को आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर सार्वजनिक स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली स्थापित और सुदृढ़ करने के लिए और संविदा आधार पर मानव संसाधन में वृद्धि के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही के अभिलेख (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों के लिए अनुमोदन प्रदान करती है। कर्नाटक राज्य की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं और आरओपी का ब्यौरा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वेबसाइट पर निम्नलिखित यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स लोकेटर (यूआरएल) पर उपलब्ध है

https://nhm.gov.in/index4.php?lang=1&level=0&linkid=61&lid=74

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जून, 2019 से कर्नाटक राज्य में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) पिछले तीन वित्त वर्षों (वित्त वर्ष) अर्थात 2020-21 से 2022-23 के दौरान कर्नाटक राज्य को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत केन्द्रीय निर्गत का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

वित्त वर्ष	केन्द्रीय निर्गत
2020-21	1232.19
2021-22	1274.71
2022-23	1246.67

नोट: उपरोक्त राशियाँ केंद्र सरकार के अनुदान से संबंधित हैं और इसमें राज्य के हिस्से का योगदान शामिल नहीं है।*

****

अनुलग्नक

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कर्नाटक राज्य में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का विवरण

वर्ष	उप-केंद्र *	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र *	सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र	उप-विभागीय अस्पताल	जिला अस्पताल
2018-19	9438	2359	207	146	15
2019-20	9435	2534	208	150	26
2020-21	9441	2531	212	150	22
2021-22	9272	2521	212	147	16

स्रोत: आरएचएस रिपोर्ट

* कर्नाटक राज्य में कुल 9,874 आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यशील हैं।

वर्ष	स्वास्थ्य मानव संसाधन	आशा (तैनात)	एमएमयू	एम्बुलेंस (कार्यशील ईआरएस वाहन)
मार्च, 2019	12186	41303	70	911
मार्च, 2020	12897	41696	70	911
मार्च, 2021	13358	41833	70	909
मार्च, 2022	15128	41544	70	909
मार्च, 2023	15476	41093	8	881

स्रोत: एनएचएम-एमआईएस रिपोर्ट

*****